नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से



5 टारगेट किलिंग साजिश नाकाम



6 क्या डॉलर का कोई विकल्प संभव है?




7 मध्य पूर्व तनाव के बीच आरबीआई सतर्क



11 अल्काराज, सबालेंका ने लॉरियस अवॉर्ड जीते

# डील नहीं तो बम फटेंगे

## ईरान से समझौता नहीं होने पर ट्रंप की सख्त चेतावनी



**वॉशिंगटन/तेहरान, 21 अप्रैल. डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ जारी तनाव के बीच के बीच सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि दोनों देशों के बीच प्रस्तावित समझौता नहीं हुआ, तो मौजूदा संघर्ष विराम समाप्त हो सकता है. हमें उम्मीद है कि इस वार्ता के अंत में हमें बेहतरीन डील मिलेगी. लेकिन ट्रंप ने यह भी साफ किया कि अमेरिका का होर्मुज पर ऐसे ही नाकाबंदी सख्त रहेगी.**

उन्होंने स्पष्ट किया कि युद्धविराम को आगे बढ़ाने की कोई ठोस योजना नहीं है और अमेरिका जल्दबाजी में कोई खराब सौदा नहीं करेगा. ट्रंप ने स्पष्ट किया है कि 7 अप्रैल को घोषित संघर्ष विराम बुधवार शाम तक समाप्त हो सकता है. उन्होंने संकेत दिया कि यदि ईरान वार्ता में सहयोग नहीं करता, तो स्थिति गंभीर हो सकती है. ईरान को अपना अपना प्रतिनिधि भेजना ही पड़ेगा. अमेरिका सीजफायर और नहीं बढ़ाना नहीं चाहता है. ईरान पूरी तरह खून का प्यासा हो गया है. साथ ही ट्रंप ने भी कहा की अगर इस वार्ता में कोई डील साइन नहीं होती है, तो 'बम फटेंगे'

उनके बहुत सारे बम फटेंगे वाले बयान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय में चिंता बढ़ा दी है और संभावित सैन्य टकराव की आशंका को बल दिया है.

सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान में दूसरे चरण की वार्ता की तैयारी चल रही है, जिसमें अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हो सकते हैं. हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि ईरानी प्रतिनिधि इस बैठक में हिस्सा लेंगे या नहीं। ट्रंप ने एक और महत्वपूर्ण बयान में कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य तब तक बंद रहेगा, जब तक कोई ठोस समझौता नहीं हो जाता. यह वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिहाज से बेहद संवेदनशील मुद्दा है, क्योंकि दुनिया के बड़े हिस्से का तेल इसी मार्ग से गुजरता है. इस बीच, अमेरिकी केंद्रीय कमान ने जानकारी दी कि अमेरिकी सेना ने ईरानी बंदरगाहों से जुड़े 27 जहाजों को वापस भेज दिया है, जो क्षेत्र में बढ़ती सख्ती का संकेत है.

### इजरायल पीछे नहीं हटता तो प्रतिरोध जारी रहेगा : लेबनान


लेबनान और इज़रायल के बीच जारी संघर्ष विराम को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। लेबनान के संसद अध्यक्ष नबीह बेरी ने चेतावनी दी है कि यदि इज़रायली सेना दक्षिणी लेबनान से पीछे नहीं हटती, तो हिज्बुल्लाह अपना प्रतिरोध जारी रखेगा। यह बयान ऐसे समय आया है जब दोनों देशों के बीच वॉशिंगटन में गुरुवार को दूसरे दौर की सीधी वार्ता प्रस्तावित है ।लेबनान इस नाजुक स्थिति को देखते हुए मौजूदा संघर्ष विराम को कम से कम एक महीने तक बढ़ाने की मांग कर रहा है, ताकि स्थायी शांति समझौते की दिशा में ठोस प्रगति हो सके। हालांकि, इज़रायल काट्ज ने साफ कर दिया है कि यदि लेबनानी सरकार हिज्बुल्लाह को निशस्त्र करने में विफल रहती है, तो इज़रायल अपनी सैन्य कार्रवाई जारी रखेगा ।विवाद की एक बड़ी वजह दक्षिणी लेबनान में इज़रायली सेना की 5 से 10 किलोमीटर तक की मौजूदगी है, जिसे बफर ज़ोन बताया जा रहा है। लेबनान इसे अपनी संप्रभुता के लिए खतरा मानता है. हालांकि 16-17 अप्रैल से लागू 10 दिवसीय युद्धविराम अब तक काफी हद तक कायम है, लेकिन सीमा पर छिटपुट घटनाएं स्थिति को नाजुक बनाए हुए हैं

# ममता के गुंडों को सलाखों के पीछे भेजेंगे

## शाह ने कहा- दीदी, टाटा, बाय-बाय... अब आपका समय समाप्त

**04** तारीख को काउंटिंग है और 5 तारीख को भाजपा की सरकार बनेगी

**05** तारीख के बाद घुसपैठिए बांग्लादेश जाने की तैयारी कर लो



**चांदीपुर, 21 अप्रैल. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के चांदीपुर में जनसभा को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि यह पहले चरण की आखिरी सभा है, और मैं आज चांदीपुर से दीदी को कहने आया हूं—दीदी, टाटा, बाय-बाय... अब आपका समय समाप्त हो गया है. आपने बंगाल की जनता को बहुत परेशान कर लिया. अब आपकी जाने की बारी है और कमल खिलने की बारी है.**

अमित शाह ने कहा कि यह चुनाव के पहले चरण की आखिरी रैली है. मैं चांदीपुर की दीदी से कहना चाहता हूं, 'टाटा, अलविदा. आपका समय समाप्त हो गया है! आपने बंगाल की जनता को बहुत परेशान किया है. अब आपके जाने का और भाजपा के प्रवेश का समय आ गया है.' आज मैं घुसपैठियों को कहकर जाता हूं कि 4 तारीख को काउंटिंग है और 5 तारीख को भाजपा की सरकार बनेगी. जल्दी बांग्लादेश जाने की तैयारी कर लो. अब बंगाल में भय से भरोसे की यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू होगी.

उन्होंने कहा कि आज मैं कहकर जाता हूं कि यहीं चांदीपुर और आसपास के क्षेत्रों में पान की खेती होती है, इसलिए एक बड़ा पान का अनुसंधान रिसर्च सेंटर भारत सरकार चांदीपुर में बनाने का काम करेगी. मैं आज ममता के गुंडों को भी कहकर जाता हूं कि 23 तारीख को घर के बाहर नहीं निकलना. 5 तारीख को भाजपा सरकार आने वाली है. पाताल से भी ढूंढ कर सलाखों के पीछे भेजेंगे. उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश को नक्सलवाद से मुक्त कराया है, और आज मैं कहकर जाता हूं कि भारतीय जनता पार्टी ही पूरे देश को घुसपैठियों से मुक्त कराने का काम करेगी. बंगाल की खाड़ी से लेकर हिंद महासागर तक घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं छोड़ेंगे.

> शाह ने कहा कि कांग्रेस, कम्युनिस्ट पार्टी और ममता बनर्जी जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के खिलाफ थीं. हालांकि, 2019 में प्रधानमंत्री मोदी ने अनुच्छेद 370 को समाप्त कर दिया. जब कांग्रेस ममता बनर्जी के समर्थन से सत्ता में थी, तब वे आतंकवादियों को बिरयानी खिलाती थी. उरी में आतंकवादियों ने हमला किया और सर्जिकल स्ट्राइक की गई. पुलवामा में उन्होंने हमला किया और हवाई हमले किए गए.

## एक नजर में



### चुनावों की प्रक्रिया देखेंगे 17 देशों के प्रतिनिधि

**नयी दिल्ली, 21 अप्रैल.** चुनाव आयोग (ईसीआई) ने इस समय जारी विधान सभा चुनाव के दूसरे चरण में तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में अंतर्राष्ट्रीय आगंतुकों को चुनाव प्रक्रिया दिखाने के कार्यक्रम का आयोजन किया है जिसमें 17 देशों के 34 प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे. आयोग ने पहले चरण में नौ अप्रैल को हुए चुनाव के लिए भी इसी तरह का अंतर्राष्ट्रीय चुनाव अतिथि कार्यक्रम आयोजित किया था. मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मंगलवार को इस कार्यक्रम के दूसरे चरण का राजधानी के इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (3आईडेम) में संस्थान में उद्घाटन किया. दूसरे चरण में शामिल प्रतिनिधियों में कुछ देशों के दिल्ली स्थित राजनयिक मिशनों के प्रतिनिधि और 'इंटरनेशनल आइडिया' के एक प्रतिनिधि शामिल हैं.

### तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार थमा

**नई दिल्ली.** तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में गुरुवार को होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान मंगलवार शाम पांच बजे थम गया। तमिलनाडु की सभी 234 सीटों और पश्चिम बंगाल के पहले चरण के लिए 152 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होगा ।चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार मतदान समाप्त होने से 48 घंटे पहले जनसभाएं रोक दी जाती है .प्रचार थमने के बाद उम्मीदवार और उनके कार्यकर्ता मतदाताओं से घर-घर जाकर संपर्क साधते हैं ।दोनों राज्यों में 23 अप्रैल को मतदान सुबह सात बजे शुरू होगा. पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण का चुनाव 29 अप्रैल को होगा, जिसमें 142 सीटों पर मतदान कराया जायेगा ।चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार तमिलनाडु में कुल 4,023 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे हैं.

# रक्षा मजबूती के लिए 975 करोड़ की डील

- टीआरएडब्ल्यूएल असेंबली सौदे से बढ़ेगी सेना की ताकत
- बारूदी सुरंग क्षेत्र से भेदने के लिए भारत का नए हथियार



**नई दिल्ली, 21 अप्रैल. भारतीय सेना की माइनफील्ड ( बारूदी सुरंग क्षेत्र ) भेदने की क्षमता बढ़ाने के लिए रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड ( बीईएमएल ) और इलेक्ट्रो न्यूमैटिक्स एंड हाइड्रोलिक्स ( इंडिया ) प्राइवेट लिमिटेड के साथ करीब 975 करोड़ रुपए के समझौते पर हस्ताक्षर किए.**

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, टी-72 और टी-90 टैंकों के लिए टीआरएडब्ल्यूएल असेंबली एक महत्वपूर्ण उपकरण है, जिसे डीआरडीओ ने विकसित किया है. इससे भारतीय सेना की बारूदी सुरंगों को भेदने की क्षमता में बड़ा सुधार होगा.

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस उपकरण की मदद से बारूदी सुरंगों वाले क्षेत्रों में सुरक्षित रास्ते बनाए जा सकेंगे, खासकर उन सुरंगों में जिनमें एंटी-टैंक माइन और मैग्नेटिक फ्यूज लगे होते हैं. इससे भारतीय सेना की ऑपरेशनल क्षमता और मजबूत होगी. यह समझौता रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में किया गया. यह खरीद भारत के रक्षा ढांचे के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे स्वदेशी उद्योगों को भी मजबूती मिलेगी. यह 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को आगे बढ़ाने में मदद करेगा.

बयान में कहा गया है कि इस परियोजना से एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा मिलेगा और इससे सीधे और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे. इस बीच, पिछले महीने रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायु सेना के लिए दो आधुनिक माउंटेन रडार खरीदने के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ एक बड़ा समझौता किया था. करीब 1,950 करोड़ रुपए का यह सौदा देश में रक्षा निर्माण को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.

# छूने से देवता अपवित्र कैसे होते हैं : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, 21 अप्रैल. सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को लेकर मामला धर्म और संविधान के बीच संतुलन का प्रमुख मुद्दा बन गया है. भारत का सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की संवैधानिक पीठ इस पर सुनवाई कर रही है, जिसमें धार्मिक आस्था से जुड़े 66 अन्य मामलों को भी शामिल किया गया है.**

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सवाल उठाया कि किसी व्यक्ति को केवल जन्म या लिंग के आधार पर देवता को छूने से कैसे रोका जा सकता है, और क्या यह समानता के अधिकार का उल्लंघन नहीं है. कोर्ट ने यह भी पूछा कि मूर्ति को छूने से भगवान 'अपवित्र' कैसे हो सकते हैं. मंदिर पक्ष के वकील वी. गिरी ने तर्क दिया कि मंदिर की परंपराएं धर्म का अभिन्न हिस्सा हैं.



सबरीमाला मंदिर मामला : महिलाओं की एंट्री पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

भगवान अयप्पा को 'नैष्ठिक ब्रह्मचारी' माना जाता है, इसलिए 10-50 वर्ष की महिलाओं के प्रवेश पर रोक परंपरा के अनुरूप है. 1991 में केरल हाईकोर्ट ने इस प्रतिबंध को सही ठहराया था, लेकिन 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक बताते हुए हटा दिया. इसके खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिकाओं पर अब सुनवाई जारी है.

# एनआईए और गृह मंत्रालय की टीमें जांच में जुटीं

- उद्घाटन से पहले रिफाइनरी हादसा, जांच तेज
- राजस्थान के बालोतरा रिफाइनरी में आग का मामला



**बाड़मेर, 21 अप्रैल. बालोतरा के पचपदरा क्षेत्र में स्थित रिफाइनरी में आग लगने की घटना ने पूरे राज्य में हड़कंप मचा दिया है.उद्घाटन से महज कुछ घंटे पहले हुए इस हादसे ने सुरक्षा व्यवस्था और प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.**

घटना की गंभीरता को देखते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी की टीम हेलीकॉप्टर से मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, इस मामले में गृह मंत्रालय की फैक्ट फाइंडिंग टीम भी जांच में शामिल होने वाली है, जो तकनीकी और सुरक्षा पहलुओं की बारीकी से पड़ताल करेगी.इस बीच भजनलाल शर्मा ने घटनास्थल पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली.इस घटना ने न केवल प्रशासनिक हलकों में हलचल मचाई है, बल्कि राज्य की राजनीति को भी गर्मा दिया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार,एनआईए की टीम का मुख्य उद्देश्य घटनास्थल से साक्ष्य जुटाना और आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाना है.

# पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से 13 लोगों की मौत



केरल के त्रिशूर में हुआ हादसा

**केरल, 21 अप्रैल. त्रिशूर जिले के मुंडथिक्कोडु इलाके में मंगलवार को एक पटाखा निर्माण यूनिट में भीषण विस्फोट हुआ, जिसमें 13 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए. यह हादसा उस समय हुआ जब प्रसिद्ध त्रिशूर पूरम की तैयारियां चल रही थीं.**

जानकारी के अनुसार, विस्फोट के समय यूनिट में करीब 40 लोग काम कर रहे थे. धमाके के बाद पूरे इलाके में आग और घना धुआं फैल गया, जिससे राहत और बचाव कार्य में मुश्किलें आईं. कई लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं, जिन्हें पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है. बताया गया कि यह यूनिट त्रिशूर पूरम के थिरुवंबाडी गुट के लिए आतिशबाजी तैयार कर रही थी. शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि विस्फोटक सामग्री के भंडारण और सुरक्षा मानकों में लापरवाही इसके पीछे कारण हो सकती है. धमाका इतना जोरदार था कि इसकी आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनी गई.घटना के बाद पुलिस, फायर ब्रिगेड और आपातकालीन टीमें मौके पर पहुंच गईं और इलाके को घेर लिया गया. प्रशासन ने लोगों से घटनास्थल से दूर रहने की अपील की है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है.

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल के त्रिशूर में पटाखा फैक्ट्री हादसे पर गहरा दुख जताया है. उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की. प्रधानमंत्री ने राहत राशि का भी ऐलान किया है. उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी, जबकि घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे.




| PARAMETER | VICTORIS S-CNG | COMPETITION MID SUV DIESEL | BENEFIT OF VICTORIS S-CNG OVER DIESEL CARS |
|---|---|---|---|
| Running Cost/km | ₹4.9 | ~ ₹6.1 | ✓ More savings per km |
| Lower Maintenance Cost | ✓ | ✗ | ✓ Easy on pocket |
| Reduced Emission | ✓ | ✗ | ✓ Good for environment |
| Recovery Period# | ~5.5 Yrs | ~8.9 Yrs | ✓ Faster recovery |

Applicable T&C available at your nearest dealership. Creative visualization. Car colour may vary due to printing on paper. Images used are for illustration purposes only. Features may vary by model/conditions. #Considered average daily drive of 35 km. Fuel Cost calculation done basis fuel prices in Goa as of 11th Feb 2026 and considered 70% delivery of ARAI tested Mileage. *As certified by Test Agency under Rule 115 (G) of Central Motor Vehicles Rules 1989. **Offer computed basis ₹30 000 for exchange of Diesel vehicle and ₹20 000 for loyalty bonus to existing Maruti Suzuki customers. The loyalty reward scheme is subject to terms and conditions. The offer is valid only on Victoris S-CNG variant. For more details visit your nearest dealership.